**गुरु घासीदास विश्वविद्यालय**
(नैक द्वारा "A⁺⁺" ग्रेड प्राप्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर–495009 (छ.ग.)
दूरभाष : 07752–260209, फैक्स : 07752–260154
ई–मेल : ggv.registrar@gmail.com, वेबसाईट : www.ggu.ac.in

**Guru Ghasidas Vishwavidyalaya**
(A Central University with "A++" Grade Accredited by NAAC)
Koni, Bilaspur-495009 (C.G.)
Phone : 07752-260209, Fax : 07752-260154
E-Mail : ggv.registrar@gmail.com, Website : www.ggu.ac.in

क्रमांक 564 / बै.प्र. / स्था.स. / 2025 बिलासपुर, दिनांक : 16-8-2025

**प्रति,**

**समस्त सम्माननीय सदस्यगण**
**All Hon'ble Members**
विद्यापरिषद् की स्थायी समिति,
Standing Committee of Academic Council
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
बिलासपुर (छ.ग.)
Bilaspur (C.G.)

**विषय :–** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 217वीं बैठक दिनांक 16.08.2025 के कार्यवृत्त का प्रेषण।
**Subject :-** Dispatch of minutes of 217th meeting of Standing Committee of Academic Council dated 16-08-2025.

---0---

**महोदय / महोदया,**
**Sir/Madam**

विषयान्तर्गत, दिनांक 16.08.2025 को आयोजित विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 217वीं बैठक का कार्यवृत्त अवलोकनार्थ एवं अभिलेख हेतु संलग्न प्रेषित है।

Under the subject, the minutes of the 217th meeting of the Standing Committee of the Academic Council held on 16-08-2025 is enclosed for perusal and record.

आदेशानुसार/By order,

कुलसचिव (कार्यवाहक)/Registrar (Acting)

पृ० क्रमांक 565 / बै.प्र. / स्था.स. / 2025 बिलासपुर, दिनांक : 16-8-2025

**प्रतिलिपि/Copy to :–**

01. कुलपति के सचिव की ओर माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
The Secretary to the VC for the information of the HVC.
02. कुलसचिव के निज सहायक की ओर कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
The PA to the Registrar for inf ormation of the Registrar.
03. निदेशक, आईक्यूएसी / सहायक कुलसचिव–अकादमिक / प्रशासन / विकास / वित्त, प्रभारी विश्वविद्यालय वेब पटल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
Director, IQAC/Assistant Registrar - Academic/Administration/Development/ Finance/Incharge University website for information and necessary action.
04. कार्यालय प्रति।
Office Copy.

कुलसचिव (कार्यवाहक)/Registrar (Acting)

# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

## विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 217वीं बैठक दिनांक 16.08.2025 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 217वीं बैठक दिनांक 16.08.2025 को सायं 04.00 बजे प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव (कार्यवाहक) ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 आलोक कुमार चक्रवाल, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 शरद चन्द्र श्रीवास्तव | सदस्य |
| 3. | प्रो0 सीमा राय | सदस्य |
| 4. | प्रो0 राजेन्द्र मेहता | सदस्य |
| 5. | प्रो0 सी.एस. वझलवार | सदस्य |
| 6. | प्रो0 ब्रजेश तिवारी | सदस्य |
| 7. | प्रो0 एस.एस. धुरिया, प्रभारी–अधिष्ठाता, प्राकृतिक संसाधन विद्यापीठ | सदस्य |
| 8. | प्रो0 ए.एस. तिवारी | सदस्य |
| 9. | प्रो0 रामकृष्ण प्रधान | सदस्य |
| 10. | प्रो0 पी.पी. मूर्ति | सदस्य |
| 11. | डॉ0 निधि संदल, प्रभारी अधिष्ठाता विधि विद्यापीठ | सदस्य |
| 12. | प्रो0 बी.डी. मिश्रा | सदस्य |
| 13. | प्रो0 ए.के. दीक्षित, प्रभारी–निदेशक, शोध और विकास प्रकोष्ठ | सदस्य |
| 14. | डॉ0 एम.एस. धपोला | सदस्य |
| 15. | डॉ0 सुबल दास | सदस्य |
| 16. | डॉ0 गीता मिश्रा | सदस्य |
| 17. | प्रो0 भारती अहिरवार, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी–विकास | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 18. | प्रो0 अमित कुमार सक्सेना, निदेशक, आईक्यूएसी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 19. | प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, अधिष्ठाता–छात्र कल्याण | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 20. | डॉ0 सम्पूर्णानन्द झा, परीक्षा नियंत्रक | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 21. | श्री एस.के. मेहर, प्रभारी, वित्ताधिकारी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 22. | प्रो0 एम.एन. त्रिपाठी, समन्वयक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 23. | डॉ0 ए.के. शर्मा, ग्रंथपाल | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 24. | प्रो0 मनीष श्रीवास्तव, निदेशक, ओडीएल | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 25. | प्रो0 आलोक कुमार सिंह कुशवाहा, निदेशक, एमएमटीटीसी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 26. | प्रो0 आर.के. चौबे, ओ.एस.डी., यांत्रिकी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 27. | डॉ0 गणेश प्रसाद शुक्ला, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी–भण्डार | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 28. | प्रो0 ए.एस. रणदिवे, कुलसचिव (कार्यवाहक) | सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में कुलपति महोदय द्वारा प्रेरणादायी उद्बोधन दिया गया तथा एक साथ मिलकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। कुलपति महोदय ने विश्वविद्यालय को एक नयी ऊंचाई पर ले जाने और एक मिसाल कायम करने के लिए प्रेरित किया। तदोपरान्त निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गये :–

Ranadive 16-08-2025

16/08/2025

**विषय क्र.01** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 216वीं बैठक दिनांक 10.08.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय :– निर्णय लिया गया कि विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 216वीं बैठक दिनांक 10.08.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

**विषय क्र. 02** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 216वीं बैठक दिनांक 10.08.2025 के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन करना।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने स्थायी समिति की 216वीं बैठक दिनांक 10.08.2025 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की एवं कृत कार्यवाही की पुष्टि की।

**विषय क्र. 03.** **B.Tech. 1st, 2nd तथा M.Tech. 1st, 2nd सेमेस्टरों के लिए प्रस्तावित अकादमिक कैलेण्डर सत्र 2025–26 का अनुमोदन करने पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि B.Tech. 1st, 2nd तथा M.Tech. 1st, 2nd सेमेस्टरों के लिए प्रस्तावित अकादमिक कैलेण्डर सत्र 2025–26 का अनुमोदन किया जाय।

**विषय क्र. 04.** **प्रबंध अध्ययन विभाग के अध्ययन मण्डल की बैठक दिनांक 16.07.2025 द्वारा अनुशंसित VAC की पाठ्यक्रम एवं अंक योजना तथा MBA 1st Semester के पाठ्यक्रम में Business Environment (MOOC Course) का प्रस्ताव के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रबंध अध्ययन विभाग के अध्ययन मण्डल की बैठक दिनांक 16.07.2025 द्वारा अनुशंसित VAC की पाठ्यक्रम एवं अंक योजना तथा MBA 1st Semester के पाठ्यक्रम में Business Environment (MOOC Course) के प्रस्तुत प्रस्ताव का आंशिक संशोधन के साथ अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रस्तावित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना प्रभावी अध्यादेश के प्रावधानों के अनुरूप हो।

**विषय क्र. 05.** **फार्मेसी विभाग के अध्ययन मण्डल की बैठक दिनांक 29.07.2025 द्वारा अनुशंसित Five Short Term courses based on NEP 2020 for students of other departments, B.Pharm., D.Pharm. की आंशिक संशोधित अंक योजना एवं Certificate Courses का पाठ्यक्रम एवं अंक योजना के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि फार्मेसी विभाग के अध्ययन मण्डल की बैठक दिनांक 29.07.2025 द्वारा अनुशंसित Five Short Term courses based on NEP 2020 for students of other departments, B.Pharm., D.Pharm. की आंशिक संशोधित अंक योजना एवं Certificate Courses का पाठ्यक्रम एवं अंक योजना का पुनः परीक्षण कर संशोधित प्रस्ताव विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

Rawadive 16-08-2025

16/08/2025

## अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण

**अ.अ.वि.क्र .01** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष प्रबंध अध्ययन विभाग के बी.बी.ए. तृतीय सेमेस्टर में अध्ययनरत् विद्यार्थी श्री अभिषेक सिंह ठाकुर के संबंध में प्राप्त शिकायत एवं उस पर कृत जांच संबंधी प्रतिवेदन दिनांक 11.08.2025 प्रस्तुत किया गया। प्राप्त जांच प्रतिवेदन के अवलोकन से स्थायी समिति ने यह पाया कि विद्यार्थी का व्यवहार घोर अनुशासनहीनता की श्रेणी का है एवं विद्यार्थी के व्यवहार में अवसर प्रदान किये जाने के बाद भी परिवर्तन नहीं आया है। अतः स्थायी समिति ने वाणिज्य एवं प्रबंधन विद्यापीठ, जीव विज्ञान विद्यापीठ एवं प्राकृतिक संसाधन विद्यापीठ के अधिष्ठाता एवं शिक्षकों युक्त अनुशासन समिति की अनुशंसाओं को मान्य करते हुए यह निर्णय लिया कि श्री अभिषेक सिंह ठाकुर को विश्वविद्यालय से स्थायी रूप से निष्कासित कर दिया जाय।

**अ.अ.वि.क्र .02** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष आंग्ल एवं विदेशी भाषा विभाग के पूर्व शोधार्थी सुश्री रश्मि गुप्ता का आवेदन दिनांक 25.07.2025 प्रस्तुत किया गया। उक्त आवेदन में सुश्री रश्मि गुप्ता ने शोध ग्रंथ जमा करने हेतु अनुमति प्राप्त करने निवेदन किया है।

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 20.05.2024 विषय क्रमांक–8 के अधीन लिये गये निर्णय के अनुक्रम में तथ्यात्मक जांच समिति का गठन किया गया था। उक्त तथ्यात्मक जांच समिति का प्रतिवेदन भी स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

प्राप्त प्रतिवेदन पर विचार करते हुए स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि तथ्यात्मक जांच समिति की अनुशंसाओं को मान्य किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि सुश्री रश्मि गुप्ता के आवेदन को अमान्य कर दिया जाय एवं सुश्री रश्मि गुप्ता को शोध ग्रंथ जमा करने की अनुमति प्रदान न की जाय।

**अ.अ.वि.क्र .03** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष नये सर्वर बेस्ड मॉनिटरिंग सिस्टम के अंतर्गत विश्वविद्यालय में नेटवर्क उपयोग हेतु निर्देश जारी किये जाने हेतु प्रारूप प्रस्तुत किया गया है। प्राप्त प्रस्ताव पर विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि प्रस्तुत प्रारूप का अनुमोदन किया जाय एवं निर्देश जारी किये जाय।

**अ.अ.वि.क्र .04** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष भौतिकी विज्ञान विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो0 एच.एस. तिवारी ने यह प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि विश्वविद्यालय में संचालित GGV DACE Coaching के लिए निर्धारित शुल्क पर पुनरविचार किया जाय। प्रस्तुत प्रस्ताव का समर्थन प्रो0 आर.के. प्रधान, अधिष्ठाता, सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ ने किया।

विचारोपरान्त स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि GGV DACE Coaching के लिए सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए शुल्क 300/– प्रतिमाह एवं एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/कन्या विद्यार्थियों के लिए शुल्क 150/– प्रतिमाह रखा जाय।

ARanadive
16-08-2025

18/08/2025

**अ.अ.वि.क्र .05** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में आईसीटी सुविधा एवं संसाधन सृजन के लिए धनराशि रूपये 98,70,74,690/– का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। प्राप्त प्रस्ताव पर विचारोपरान्त स्थायी समिति ने निम्नानुसार निर्णय लिया–

1. निम्नलिखित विभागों के लिये उपरोक्तानुसार धनराशि रूपये 98,70,74,690/– के आईसीटी सुविधा एवं संसाधन सृजित करने के प्रस्ताव पर सैद्यांतिक सहमति प्रदान की जाय। इसमें निम्नलिखत 17 विभाग शामिल रहेंगे –

   1. मानव विज्ञान विभाग, 2. सिविल इंजीनियरिंग विभाग, 3. कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग, 4. सी.एस.आई.टी. विभाग, 5. इलेक्ट्रानिक्स एवं कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग, 6. सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, 7. वाणिज्य विभाग, 8. आंग्ल एवं विदेशी भाषा विभाग, 9. न्यायालयिक विज्ञान विभाग, 10 मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, 11. गणित विभाग, 12. वनस्पति विज्ञान विभाग, 13. प्राणी विज्ञान विभाग, 14. जैव प्रौद्योगिकी विभाग, 15. इंडस्ट्रियल एवं प्रोडक्शन इंजीनियरिंग विभाग, 16. केमिकल इंजीनियरिंग विभाग, 17. एमएमटीसी केन्द्र।

2. विश्वविद्यालय के आई.पी.आर. नीति एवं कन्सल्टेंसी नीति का पुनरावलोकन एवं परीक्षण किया जाय तथा आई.पी.आर. नीति एवं कन्सल्टेंसी नीति में आवश्यक संशोधन कर प्रारूप स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाय। उपरोक्त दोनों नीतियों में संशोधन उपरान्त ही विभागों को धनराशि का आबंटन किया जाय।

3. स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि प्रस्तुत प्रस्ताव का संशोधन कर विस्तृत प्रस्ताव विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

माननीय अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

16-08-2025 | 16/08/2025

**कुलसचिव (कार्यवाहक)/सचिव** | **कुलपति/अध्यक्ष**